हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025

06 दुकानों के सामने से गुजरने वाला रास्ता बंद...



10 गर्भवती व हाईरिस्क महिलाओं को प्रोटोकाल...





### कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

# उपार्जन केंद्रों पर अव्यवस्था से कलेक्टर नाराज, नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने गुरुवार को माखन नगर एवं सेमरी हरचंद के धान उपार्जन केंद्रों महावीर वेयरहाउस, रंग वेयरहाउस एवं सीडब्ल्यूसी सेमरी हरचंद का औचक निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण के दौरान महावीर व रंग वेयरहाउस में उपार्जन संबंधी संसाधनों की कमी तथा नॉन-एफएक्यू स्कंद का उपार्जन किए जाने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और दोनों केंद्रों के समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने गुरूवार को उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण किया इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं के निर्देश दिए



#### व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि खरीदी प्रक्रिया में आवश्यकता अनुसार मानव संसाधन बढ़ा कर आरटूटी एवं भुगतान व्यवस्था को चौकस करें। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू, डीआरसीएस शिवम मिश्रा, जिला प्रबंधक वेयरहाउसिंग वासुदेव दवांडे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### अधिक मात्रा में संग्रहण पर नाराज हुईं कलेक्टर

उपार्जन केंद्र परिसर में अधिक मात्रा में धान संग्रहण पाए जाने पर भी कलेक्टर ने अप्रसन्नता जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि अगले 2 दिनों में धान की तुलाई एवं स्टेकिंग पूरी की जाए। कलेक्टर ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में नॉन-एफएक्यू धान का उपार्जन न हो यह सुनिश्चित करें। इसके लिए उपार्जन प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखें और अपने अधीनस्थ अमले तथा नोडल अधिकारी को भी कार्योन्मुख करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए उपार्जन कार्य में सर्वेयर की जवाब देही भी सुनिश्चित की जाए।

#### भंडारित धान की समय-समय पर जांच करें

कलेक्टर ने उपखंड स्तरीय समिति को निर्देश दिए की प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर उपार्जन संबंधी समस्त आवश्यक संसाधन की उपलब्ध करें। साथ ही निरंतर भ्रमण कर उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करें। कलेक्टर ने कहा कि जेएसओ एवं तहसीलदार संयुक्त रूप से केंद्रों पर अनावश्यक रूप से भंडारित किए गए धान के ढेर की जांच करें। इस दौरान उन्होने उपस्थित किसानों से भी चर्चा की। उन्होने किसानों से अपील की कि सभी किसान भाई एफएक्यू मापदण्ड के अनुरूप धान विक्रय के लिए उपार्जन केन्द्रों पर लाये और असुविधा से बचे।

# जिले में विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 7 प्रतिशत वृद्धि हुई

### एसपी ने किया नर्मदापुरम हरदा मार्ग का भ्रमण, दुर्घटना स्थलों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



पुलिस अधीक्षक श्री सांई कृष्णा थोटा द्वारा घटनाओं की समीक्षा की गई और पाया गया कि नर्मदापुरम से सिवनीमालवा तक देहात थाना क्षेत्र, डोलरिया और सिवनी मालवा में काफी संख्या में दुर्घटनाएं घटित हुई है और सिवनी मालवा कस्बे के मुख्य मार्ग पर भी दुर्घटनाओं काफी संख्या में वृद्धि हुई है

उक्त दुर्घटनाओं के कारणों और निदान के प्रयास हेतु आज पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण थोटा ने डोलरिया, सिवनी मालवा और शिवपुर थाना क्षेत्र के दुर्घटना बहुल क्षेत्र एवं चिह्नित गंभीर दुर्घटना स्थलो का अवलोकन किया एवं घटना के तथ्यों, परिस्थितियों और सड़क की स्थिति की समीक्षा की और दुर्घटना के कारणों और सड़क सुधार की संभावना भी देखी।

भ्रमण के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष मिश्रा, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान, एसआई खुमान पटेल निरीक्षक सुधाकर वारस्कर, SI विवेक यादव और कुछ घटनाओ के विवेचक गण घटना स्थल पर साथ में उपस्थित रहे

घटना स्थल की स्थितियों को देखते हुए घटनाओं की परिस्थितियों, दुर्घटना समय, घटना के संभावित कारणों पर विचार किया गया तथा रोकथाम के दीर्घकालिक और अल्पकालिक उपायों पर संबंधितों से चर्चा की गई और सड़क इंजीनियरिंग से संबंधित सुधार के बिंदुओं को चिन्हित किया जा कर सुधार कराने, सड़क पर गड्ढों को भरवाने , रेडियम पेंट , शोल्डर भरवाने, साइनेज लगाने, रोड लाइनिंग और ब्लाइंड स्पॉट के परिशोधन हेतु संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी से पत्र व्यवहार करने के निर्देश उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष मिश्रा को दिए।

## कलेक्टर ने शिक्षकों को शोकाज जारी करने के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना ने गुरुवार को सेमरी हरचंद के समीप स्थित शासकीय जनजातीय बालक आश्रम शाला छात्रावास सिद्धपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास आवासीय विद्यालय की शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया। कलेक्टर ने छोटे-छोटे विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए हिंदी, अंग्रेजी एवं गणित के प्रश्न पूछकर उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता का परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई पर शिक्षकों को अभी अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि बच्चों में सीखने की उच्च क्षमता है। लेकिन उनपर ध्यान दिया जाना बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने गहन अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की पाठ्यक्रम के अभ्यास और पाठ भी अपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आवासीय विद्यालय शासन की बहुत ही महत्वकांक्षी पहल है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है।

# सोहागपुर शहर के नवनिर्मित स्वागत द्वार का विधायक विजयपाल सिंह ने किया निरीक्षण

### पूर्व विधायक प्रतिनिधि स्वर्गीय मनोज खंडेलवाल की स्मृति में नप ने बनाया है द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस से रेलवे स्टेशन तक डामरीकृत सड़क है। यह शहर में प्रवेश का एक मुख्य स्थल है, जहां नप सोहागपुर द्वारा भव्य स्वागत द्वार बनाया गया है। जिसका गत दिवस सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने निरीक्षण किया एवं सुंदर द्वार निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त की है।



सोहागपुर नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने बताया कि पूर्व विधायक प्रतिनिधि स्व. मनोज खंडेलवाल की स्मृति में शहर में भव्य द्वार का निर्माण पूर्ण हो चुका है। जिसका गत दिवस विधायक विजयपाल सिंह ने अवलोकन किया एवं प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शहर में प्रवेश के उस स्थल पर स्वागत द्वार बनाया गया है, जहां से एक मार्ग सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की वर्ल्ड फेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन मढ़ई की ओर जाता है। इस स्थल पर द्वार के निर्माण की योजना इसलिए भी बनाई गई थी ताकि मढ़ई आने जाने वाले पर्यटक इसकी सुंदरता से प्रभावित हों तथा यह स्वागत द्वार सोहागपुर की पहचान बने। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज एवं भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने बताया कि उक्त स्वागत द्वार बहुत सुंदर बना है। जिसमें उत्तर भारत के में पाए जाने वाले लाल बलुआ पत्थर का उपयोग किया गया है। इसके ऊपरी चेहरे पर शिखरनुमा मंडप बनाया गया है तथा पत्थरों पर नक्काशी कर स्तंभ का स्वरूप से इस द्वार को सुंदर स्वरूप प्रदान किया है। अभिनव पालीवाल ने बताया कि पूर्व विधायक प्रतिनिधि स्व. मनोज खंडेलवाल को समर्पित यह स्वागत द्वार उनके स्मरण को जीवंत रखने की प्रक्रिया है।

## रोजगार मेला 17 को लगेगा

**नर्मदापुरम।** युवाओं को स्वरोजगार, रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से "युवा संगम – रोजगार मेला" का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम के तत्वावधान में बुधवार, 17 दिसंबर 2025 को किया जायेगा। उक्त रोजगार मेला माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर, जिला-नर्मदापुरम में संपन्न होगा। मेले में शासकीय विभागों के साथ-साथ निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां एवं संस्थाएं भी भाग लेंगी, जो युवाओं को रोजगार के प्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध कराएंगी।

# सूने पड़े धान खरीदी केंद्रों के तुलाई स्थल, सड़कों पर लगा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का जाम, किसान हो रहे परेशान





हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

धान धुलाई के लिये क्षेत्रीय वेयरहाउसों के सरकारी केंद्रों पर अव्यवस्थाओं का आलम मचा हुआ है। प्रतिदिन की स्लॉट बुकिंग स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण वेयरहाउस पर संचालित धान खरीदी केंद्रों के प्रबंधन तथा किसान परेशान हो रहे हैं। स्लॉट बुकिंग की स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण वेयरहाउस प्रबंधन किसानों को धान भरे ट्रैक्टर ट्रॉली सहित अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। तथा तुलाई स्थल रिक्त पड़े हैं।

स्लॉट बुकिंग की स्थिति स्पष्ट न होने के कारण संबंधित खरीदी सहकारी समिति से जुड़े किसान उपज लेकर वेयरहाउस पहुंच रहे हैं। लेकिन उन्हें वेयरहाउस में वाहन ले जाने की अनुमति नहीं मिल रही है।

# अगस्त 2025 में तत्काल कराए ऑपरेशन के उपरांत स्वस्थ हुई पीड़ित बालिका वर्षा

### 12 वर्षीय बालिका के हृदय में था पांच मिमी से बड़ा छेद, हुआ ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शासकीय जनजाति कन्या आश्रम खापा ब्लॉक सोहागपुर की छात्रा छात्रा वर्षा अहिरवार के हृदय में पांच मिमी से बड़ा छेद था। जिसका ऑपरेशन केंद्र सरकार के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत किया गया था। बालिका पूरी तरह स्वस्थ है तथा उसके फॉलोअप्स किये जा रहे हैं।



जानकारी अनुसार अगस्त 2025 तक 12 वर्षीय बालिका वर्षा की स्थिति बहुत खराब थी। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखासिंह गौर तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिकित्सकों डॉ. श्रवण कुमार एवं डॉ. शाहिला ने बताया कि अगस्त 2035 में हुए ऑपरेशन के बाद उन्होंने बालिका वर्षा अहिरवार का लगातार फॉलोअप किया है। गत दिवस भी छात्रावास पहुंचकर वर्षा का फॉलोअप किया गया। जिसमें ज्ञात हुआ है कि उसके हृदय की धड़कन सामान्य हो चुकी है तथा वह खतरे से बाहर है। वर्षा अब छात्रावास में रहकर स्कूल में पढ़ाई भी करने लगी है।

#### तत्काल की थी व्यवस्था

डॉ. श्रवण कुमार व डॉ. शाहिला ने बताया कि अगस्त 2025 में खापा छात्रावास के भ्रमण दौरान 12 वर्षीय वर्षा अहिरवार के हृदय की असामान्य धड़कन की स्थिति सामने आई थी। तत्काल उसका नर्मदापुरम जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तो ज्ञात हुआ कि उसके हृदय में पांच मिमी से बड़ा छिद्र है।

नर्मदापुरम सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गहलोत व राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम नर्मदापुरम जिला समन्वयक कविता साल्वे ने वर्षा के ऑपरेशन हेतु शासकीय स्तर पर दो दिन में ही एस्टीमेट बनवा आपरेशन का प्रस्ताव बनवाया। तथा बालिका को ऑपरेशन के लिए जेके हॉस्पिटल भोपाल भेजा गया था। आपरेशन के बाद वर्षा हालिया फॉलोअप में स्वस्थ नजर आ रही है।

## सिवनी मालवा में भारी वाहनों पर कड़ा प्रतिबंध

**सिवनी मालवा।** नगर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव, भीड़भाड़, दुर्घटनाओं की संभावनाओं और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को देखते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) विजय राय ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत भारी वाहनों के प्रवेश पर कड़ा प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। यह प्रतिबंध 11 दिसंबर 2025 से प्रभावी हो गया है। इस आदेश के लागू होने से नगर की मुख्य सड़कों पर चलने वाले बड़े वाहन जैसे ट्रक, बस, बड़े लोडिंग वाहन, ट्रेलर, ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि निर्धारित समय तक शहर सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। आदेश के अनुसार हाल ही में थाना प्रभारी सिवनी मालवा द्वारा भेजी गई विस्तृत रिपोर्ट में बताया गया कि नगर के नन्दरवाड़ा तिराहा, मुख्य बाजार, इटारसी रोड और हस्थ वायपास रोड पर प्रतिदिन बड़े पैमाने पर जाम की स्थिति बनी रहती है। शहर की अधिकांश बसें, यात्रियों से भरी गाड़ियां, स्कूल के वाहन तथा सरकारी कार्यालयों का दैनिक आवागमन भी इसी मार्ग से होता है। लगातार जाम की शिकायतों पर यह कार्रवाई की गई है।

## राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने उठाए महिलाओं की सुरक्षा और सुधार के मुद्दे



**नर्मदापुरम।** संसदीय शोध विस्तार भवन में गुरूवार को भारत सरकार की "महिला सशक्तिकरण संबंधी समिति" (2025–26) की बैठक में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने बतौर सदस्य भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष डी. पुरुन्देश्वरी ने की। बैठक में असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण प्रतिवेदन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने समिति को "कारागारों में महिला कैदियों की स्थिति" पर विस्तृत ब्रीफिंग दी। समिति ने महिला कैदियों की सुरक्षा, सुविधाओं, परामर्श सेवाओं और पुनर्वास व्यवस्था को और बेहतर बनाने से जुड़े बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया। समिति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं से जुड़े सभी मुद्दों पर व्यापक अध्ययन कर नीतिगत सुधार को आगे बढ़ाना है, ताकि जमीनी स्तर पर महिलाओं को वास्तविक लाभ मिल सके। सांसद माया नारोलिया ने कहा कि महिलाओं के हित से जुड़े हर विषय को संसद के पटल तक लाना और ठोस समाधान सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने यह भरोसा जताया कि समिति द्वारा सुझाए गए कदम महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को नई दिशा देंगे।

## श्रमिकों को मिली बकाया राशि

**नर्मदापुरम।** सहायक श्रमायुक्त नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम ने बताया कि रुध्दा फूड्स, कीरतपुर में कार्यरत उत्तर प्रदेश और बिहार के श्रमिकों ने पिछले चार महीनों से वेतन न मिलने की शिकायत स्थानीय श्रम कार्यालय में की थी। प्राप्त शिकायत पर क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक सरिता साहू ने त्वरित कार्रवाई की।

**कार्यालय, प्राचार्य अग्रणी शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम (म.प्र.)**

फोन/फैक्स: 07574-254072 | ईमेल: heghsgpgchos@mp.gov.in

महाविद्यालय कोड- 3202 | महाविद्यालय वि.वि. कोड 147

www.mp.gov.in/highereducation/hoshangabad | NAAC Grade - B++

क्रमांक. 2882/स्था./2025 | नर्मदापुरम, दिनाँक 11/12/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

महाविद्यालय में सामग्री क्रय किये जाने हेतु एम.पी. ई टेंडर पोर्टल पर निविदा जारी की गई है निविदा में भाग लेने हेतु पोर्टल पर दर्शित प्रक्रिया अनुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Bid Start Date | 12.12.2025 |
| 2. | Bid End Date | 01.01.2026 |

प्राचार्य
शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नर्मदापुरम (म.प्र.)

हरिभूमि




**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु[illegible]नीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

### खबर संक्षेप

## स्वदेशी मेले में हुई गायन प्रतियोगिता

**बैतूल।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड बैतूल में आयोजित स्वदेशी मेला प्रतिदिन उत्साह के साथ संचालित हो रहा है प्रतिदिन अलग अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से मेला स्थल पूरे जिले में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और बड़ी संख्या में जिलेवासी मेले में पहुंचकर स्वदेशी अभियान के समर्थन में अपनी भागीदारी निभा रहे है। 9 दिसम्बर को मेले में प्रतिदिन की तरह सबसे पहले दोपहर में गायन प्रतियोगिता हुई, जिसमें सभी बच्चे बड़े बालक बालिका द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई। प्रतियोगिता प्रभारी श्रद्धा खंडेलवाल द्वारा प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार प्रदान किए व स्वदेशी मंच द्वारा सम्मान किया गया शाम होते ही अतिथियों का आगमन हुआ जिसमें मुख्य रूप से स्वदेशी मेले में मनीष जैन, जजपाल सिंह सिसोदिया, दीपेश मेहता, प्रदेश अध्यक्ष कोषाध्यक्ष रेडक्रॉस सोसाइटी हेमंत बबलू दुबे, नरेश फाटे, समाज सेवी आनंद प्रजापति, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बैतूल अमित पटेल, समाज सेवी रमेश भाटिया उपस्थित हुए। अतिथियों ने सर्वप्रथम श्री रामजी की पूजा आरती की। इसके बाद मेला प्रतियोगिता प्रभारी सभी उपस्थितजनों को स्वदेशी संकल्प की शपथ दिलाई। अतिथियों ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग स्थानीय उत्पादों के संरक्षण और आत्मनिर्भरता पर प्रेरक उद्बोधन दिया व इसके बाद सांस्कृतिक कार्यकम का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी वर्षा खाड़े दीदी द्वारा सांस्कृतिक कार्यकम हुए जिसमें सभी स्कूली बच्चे व अन्य सभी बच्चो को मंच के माध्यम से अतिथियों द्वारा सम्मानित कर पुरस्कार वितरण किया गया। मेले में मुख्य रूप से अनहद संगीत विद्यालय की प्रस्तुति दी गई। अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से वातावरण को भावपूर्ण और उत्साहपूर्ण बना दिया। मेले में मुख्य रूप से मेला संगठन मंत्री हेमंत रावत, मेला प्रभारी हेमलता कुंभारे, जिला संयोजक निलेश गिरी गोस्वामी, मेला संयोजक ममता मालवीय, मेला सह संयोजक उज्जवल प्रताप सिंह ठाकुर, डॉ अंकिता सीते, धर्मेंद्र परिहार, राहुल कावलेमीना बोरबन, रोशनी इवने, कविता मालवीय, संतोष पवार, लता सोनी, सीमा साहू, अभिषेक उइके, धर्मेंद्र परिहार, राहुल कावले और मेला टोली के सभी प्रमुख सदस्य आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रहे।

## आठनेर में 2 माह का डीटीपी और सिलाई प्रशिक्षण शुरू

**बैतूल।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत इंडो जर्मन टूल रूम इंदौर की ओर से आठनेर में गुरुवार 11 दिसंबर से डीटीपी कंप्यूटर प्रशिक्षण और सिलाई मशीन प्रशिक्षण शुरू किया गया है। यह प्रशिक्षण दो माह का होगा, जिसमें 18 वर्ष से 45 वर्ष तक के इच्छुक लोग भाग ले सकेंगे। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर उपस्थिति के आधार पर प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को कौशल विकास का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें भविष्य में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर शासकीय महाविद्यालय आठनेर की प्राचार्य डॉ सरोज पाटिल, सेंट्रल बैंक हिडली शाखा के प्रबंधक निहाल चन्द्रायण, पूर्व पार्षद प्रमोद अदलक, संस्था संचालक सतीष ठाकरे, प्रदीप शनिशरे, प्रतिभा ठाकरे, शीतल डढोरे, प्रमोद गायकवाड़ एवं अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डीटीपी कंप्यूटर प्रशिक्षण युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है, वहीं सिलाई प्रशिक्षण छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कौशल विकसित करने के साथ ही युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर भी प्रदान करेगा, जिससे वे अपनी जीवनधारा को मजबूत, सक्षम और सफल बना सकेंगे। सेंट्रल बैंक हिडली शाखा प्रबंधक निहाल चन्द्रायण ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि स्वरोजगार के लिए आवश्यक आर्थिक सहयोग और दिशा-निर्देश बैंक की ओर से उपलब्ध कराए जाएंगे।

### नाली निर्माण की धीमी रफ्तार से लोगों में दिख रही नाराजगी

# दुकानों के सामने से गुजरने वाला रास्ता बंद, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के कोठीबाजार क्षेत्र में नाली निर्माण का कार्य धीमी गति से चल रहा है। यह कार्य अब दुकानदारों के साथ-साथ लोगों के लिए परेशानी बनते जा रहा है। हालात यह है कि पिछले कई दिनों से नाली खोदकर रखी है, लेकिन सिर्फ बेस ही डल पाया है। जबकि नाली की चौड़ाई अधिक होने से दुकानों तक पहुंचने में ग्राहक और वहां रहने वाले लोगों को नाली पर से कूदकर या पटरों के सहारे आना-जाना पड़ रहा है। यह व्यवस्था भी दुकानदारों और लोगों ने स्वयं बनाई है।

बताया जा रहा है कि थाना रोड से संगीत सरिता तक किए गए छह फीट चौड़े और पांच फीट गहरे खुदाई कार्य के कारण लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। नाली क्रॉस करते समय सबसे ज्यादा भय बच्चों के गिरने का रहता है। यहीं वजह है कि निर्माणकर्ता की धीमी कार्यशैली और नगरपालिका की कमजोर निगरानी के कारण यहां अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है और लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है। बताया गया कि नाली निर्माण के लिए गहरी खुदाई के बाद ठेकेदार ने अचानक काम रोक दिया। इसके बाद काम शुरू किया तो अभी सिर्फ नाली का बेस ही डल पाया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार ने खुदाई पहले ही कर दी गई और अब धीमी रफ्तार से काम चल रहा है। इस असंगठित तरीके ने लोगों को आने-जाने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### ट्रैफिक व्यवस्था भी हो रही प्रभावित

नाली खुदाई के कारण वाहन चालकों को वाहन सडक़ पर ही खड़े करने पड़ रहे है। इससे बाजार के दिन ट्रैफिक व्यवस्था भी पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाती है। सुबह और शाम के समय वाहनों की भीड़ के बीच पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि नाली निर्माण को लेकर नगरपालिका अधिकारियों की गंभीरता नहीं दिख रही है। अधिकारी लोगों की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। लोगों द्वारा लगातार शिकायतों के बाद भी काम में गति नहीं आई। मजबूर होकर क्षेत्रवासियों ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई है ताकि समस्या का निराकरण जल्द हो सके।

### बच्चे-बुजूर्ग कूदकर कर रहे नाली पार

लंबे समय से नाली खोदकर छोड़ दिये जाने के कारण दुकानदार और आमजन परेशान है। दुकानों में आने-जाने के लिए दुकानदारों ने एंगल लगाकर रास्ता बनाया है। दुकानदारों का कहना है कि ठेकेदार ने दोबारा काम शुरू किया हैं, लेकिन काम की गति बेहद धीमी है, पता नहीं कब पूरा होगा। दुकानदारों का कहना है कि नाली निर्माण के कारण दुकानों के सामने से गुजरने वाला रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। छह से सात फीट चौड़ी नाली के कारण ग्राहकों के आने-जाने में भी दिक्कत आ रही है। वहीं बुजूर्ग और बच्चे एंगल-पटरों के ऊपर से कूदकर नाली पार कर रहे है। जिससे उनके गिरने का डर बना रहता है।

### स्वयं के खर्च पर बना रहे व्यवस्था

नाली निर्माण में हो रही देरी के कारण लोगों में नगरपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर भी नाराजगी देखी जा रही है। दुकानदारों ने बताया कि समस्या से परेशान होकर मजबूरन तीन से चार दुकानदारों ने खुद के खर्च पर लोहे के एंगल का प्लेटफॉर्म तैयार कराया है, ताकि ग्राहकों को दुकान तक पहुंचने में थोड़ी सुविधा हो सके। इससे व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि नाली निर्माण से न केवल दुकानदार प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि आजाद वार्ड और तिलक वार्ड की गालियां भी बंद हो गई हैं। रास्ता बाधित होने के कारण लोगों को नाली में उतरकर या पटरो-एंगल पर से दूसरी तरफ पहुंचना पड़ रहा है। जिससे हमेशा नाली में गिरने का भय बना रहता है।

**दिए हैं निर्देश**

ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण और जल्दी कार्य करने के लिए कहा जायेगा, ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।
- **सतीश मटसेनिया**, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

### हर गांव से बनेगी कार्यकर्ताओं की टीम

## यादव समाज को एकजुट करने राष्ट्रीय यदुवंशम सेना का अभियान तेज



**भौंरा।** राष्ट्रीय यदुवंशम् सेना द्वारा चलाए जा रहे यादव जोड़ो अभियान के तहत धपाड़ा गांव स्थित यदुकुल शिरोमणि संत सिंगाजी महाराज मंदिर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संत सिंगाजी महाराज और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों तथा शंखनाद से हुआ। सभा में यादव समाज के शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनीतिक उत्थान को लेकर सार्थक चर्चा की गई। समाज के प्रत्येक ब्लॉक में भवन निर्माण और निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने पर जोर दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर पवन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने पुत्र का विवाह सामूहिक सम्मेलन में कर समाज को प्रेरणादायी संदेश दिया है। आज हमें उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए समाज के एकता और अनुकरण का उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि संगठन का लक्ष्य देश के हर गांव से 20 सक्रिय सदस्यों की टीम बनाकर समाज को मजबूत आधार देना है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक दल यादव समाज को केवल वोटबैंक के रूप में देखते हैं, जबकि हमारा उद्देश्य समाज को उसकी संख्या बल के अनुरूप हर क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व दिलाना है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि व्यक्तिगत मतभेदों को भूलकर मान, सम्मान और स्वाभिमान के लिए एक मंच पर एकजुट हों। कार्यक्रम में संगठन की ग्राम कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से हरिनारायण यादव को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सुरेंद्र यादव उपाध्यक्ष, चेतराम यादव कोषाध्यक्ष, प्रेमनारायण यादव प्रभारी, शिवनारायण यादव सह प्रभारी, संजू यादव, विजय यादव और अरुण यादव को सचिव बनाया गया। वहीं नीरज यादव को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में उमेश यादव, राजेश यादव, सुभाष यादव, संजय यादव, शरद यादव, हरिश यादव, हरिप्रसाद यादव, संतोष यादव, दीपेंद्र यादव और रोहित यादव को सम्मिलित किया गया।

## राष्ट्रपति सम्मान के साथ लौटे बलदेव वाघमारे

**बैतूल।** राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर लौटे टिगरिया ग्राम के प्रसिद्ध कलाकार बलदेव वाघमारे का बैतूल रेलवे स्टेशन पर सूर्यवंशी ढोलेवार कुन्बी समाज द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।जिला अध्यक्ष राकेश घंगारे ने बताया कि बलदेव वाघमारे को पुष्पक कलाकृति के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया है। यह कलाकृति ढोकरा या भरेवा कला पर आधारित है, जो मधुमक्खी के मोम की ढलाई तकनीक से तैयार होती है। मोम की आकृति पर मिट्टी चढ़ाई जाती है, फिर उसे आग में तपाकर सांचे में पिघली पीतल की धातु भरी जाती है। यह कला धार्मिक और पौराणिक विषयों को मूर्त रूप देती है। बलदेव वाघमारे अपने परिवार और करीब 200 कारीगरों के साथ इस विलुप्त होती कला को नई पहचान दे रहे हैं। गांव के लगभग 50 परिवार सीधे इस कार्य से जुड़े हैं।

## सुनीति खंडेलवाल को मिला प्रांतीय स्तर पर सम्मान

**बैतूल।** जिले की प्रतिष्ठित म्युचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर सुनीति खंडेलवाल ने एक बार फिर जिले का नाम प्रांतीय स्तर पर रोशन किया है। पिछले 25 वर्षों से निवेशकों को सुरक्षित एवं लाभकारी निवेश का मार्ग दिखा रही सुनीति जी आज देश और विदेश के 1000 से अधिक निवेशकों के लिए भरोसे का पर्याय बन चुकी हैं। अपने गहन ज्ञान, निरंतर सीखने की प्रवृत्ति, डिजिटल माध्यमों का उपयोग, निवेशकों से सतत संपर्क और उत्कृष्ट कार्यशैली के दम पर उन्होंने केवल पिछले 5 वर्षों में अपने एयूएम को 12 करोड़ से बढाकर 48 करोड़ तक पहुंचाया है। यह उपलब्धि न सिर्फ उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि निवेशकों के अटूट विश्वास की भी मिसाल है। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वर्ष 2024-25 में एसबीआई म्युचुअल फंड द्वारा उन्हें बेस्ट परफॉर्मेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। भोपाल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में एसबीआई म्युचुअल फंड के नेशनल हेड श्री गौरव धर्मरहा ने उन्हें सम्मान में ट्रॉफी प्रदान प्रदान की। इस उपलब्धि पर सुनीति खंडेलवाल को देशभर से सैकड़ों निवेशकों, शुभचिंतकों और आत्मीयजनों ने बधाइयाँ प्रेषित की हैं।

## हस्तशिल्प पुरस्कार प्राप्त शिल्पी का भाजपा ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार के निमित्त विकास आयुक्त (हस्त शिल्प) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय हस्त शिल्प पुरूस्कार से महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा सम्मानित किए गए बैतूल विकास खंड के ग्राम टिगरिया के बलदेव वाघमारे का भाजपा परिवार ने शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत, सम्मान किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा गायकी ने कहा कि यह सम्मान बैतूल के गांव की मिटटी का सम्मान है। आज पूरा जिला श्री वाघमारे को मिले राष्ट्रीय हस्त शिल्प पुरूस्कार से गौरवान्वित है। नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर ने कहा कि हमारे जिले की प्रतिभा का सम्मान राष्ट्रीय मंच पर हुआ यह सम्मान कला के क्षेत्र में प्रेरणा का कार्य करेगा। राष्ट्रपति से सम्मानित बलदेव वाघमारे ने सम्मान के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से एकमात्र राष्ट्रशिल्पी का पुरूस्कार उन्हे मिला है। देश भर में चालिस



लोगो को यह सम्मान मिला। श्री वाघमारे ने बताया कि भैरवाकला हडडपा कालिन संस्कृति का हिस्सा है जो लगभग 5 हजार साल पुरानी शिल्पकला है। हमारे लिए यह पारिवारिक परंपरा का ही हिस्सा है। इस शिल्पकला में मिटटी में पीतल और ताबां मिलाकर निर्माण किया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर जिले का सम्मान भैरवाकला को अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा।

बता दे कि बैतूल जिले की पारंपरिक शिल्पकला भरेवा कला को राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है। नई दिल्ली में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित नेशनल हैंडक्राफ्ट कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने भरेवा कला के शिल्पकार बलदेव वाघमारे को सम्मानित किया है। शिल्पकार बलदेव को उनकी कला के लिए कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुए हैं, जिनमें राष्ट्रीय कालिदास अकादमी पुरस्कार 2021, राज्य विश्वकर्मा पुरस्कार 2011 एवं 2021, बेस्ट आर्टिजन अवार्ड 2016 (एमपी टूरिज्म) प्रमुख है। उनकी कलाकृतियां आज भारत के कई संग्रहालयों में सुरक्षित हैं और वे समय-समय पर अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय प्रदर्शवियों में भाग लेते रहे हैं। उन्हें जनजातीय लोक कला एवं बोली अकादमी, संत रविदास हस्तशिल्प विकास निगम, मध्यप्रदेश टूरिज्म तथा भारत सरकार की विभिन्न संस्थाओं से लगातार सहयोग और मंच मिलता रहा है। शिल्पकार बलदेव की मेहनत से वर्ष 2018 में टिगरिया को क्राफ्ट विलेज का दर्जा मिला था। आज यहां भरेवा शिल्प, जरदोजी, बॉस शिल्प, घास से बनी टोकरियों, छिप्पा (कपड़ों पर छपाई की कला), लोहा शिल्प जैसी पारंपरिक कलाएं भी संरक्षित और विकसित की जा रही है। हालही में क्राफ्ट विलेज टिगरिया की भरेवा कला को जीआई टैग मिला है। भरेवा शिल्प के कलाकार बलदेव वाघमारे ने बताया कि जीआई टैग मिलने से अब भरेवा कला को राष्ट्रीय बाजार के अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी एक अलग पहचान मिलेगी। इससे बैतूल के कारीगरों को बड़ा आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। साथ ही नकली उत्पादों पर रोक लगेगी और असली भरेवा कला की ब्रांड वैल्यू बढ़ेगी।

## मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने मनाया मानव अधिकार दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने मानव अधिकार दिवस मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सारनी जयपाल इवनाती एवं प्राचार्य प्रदीप पंद्राम एवं अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी, युवा जिला अध्यक्ष रिमून पवार, संगठन जिला प्रभारी संजय अग्रवाल की उपस्थित में की गई।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु जी उईके और महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी जयपाल इवनाती ने कहा कि मानव अधिकार का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा की रक्षा करना और उन्हें एक सम्मानजनक और सुनिश्चित जीवन जीने के लिए आवश्यक बुनियादी परिस्थितियों प्रदान करना है। स्वतंत्रता समानता व न्याय सुनिश्चित करना है, ताकि कोई भी व्यक्ति शोषण, भेदभाव या अत्याचार का शिकार ना हो या मानव के लिए एक न्यूनतम जीवन स्तर की गारंटी देता है, चाहे उसकी जाति, धर्म, लिंग या राष्ट्रीयता कुछ भी हो सबको समान अनुपात में बनता है। प्राचार्य प्रदीप पंद्राम ने कहा




कि सभी मनुष्यों को बिना किसी भेदभाव के अपने मानव अधिकार प्राप्त करने का अधिकार है, जैसे कि नस्ल, रंग, लिंग, जातियता, आयु, भाषा, धर्म, राजनीतिक या अन्य राय राष्ट्रीय या सामाजिक मूल विकलांगता संपत्ति जन्म या अन्य स्थिति जैसे कि मानव अधिकार संधि निकायों द्वारा स्पष्ट किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी ने कहा 10 दिसंबर 1948 के मानव अधिकार की सार्वभौम घोषणा पत्र को तैयार करने वाले संयुक्त राष्ट्र आयोग के पीछे रेने केसिन और एलोनोर रूजवेल्ट की सबसे बड़ी भूमिका थी प्रेरक शक्ति थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्णा साहू, रविंद्र धोटे, संतोष कैथवास ,राजेश पाटील, केशव गिरी, सुनील अग्रवाल, राकेश सोनी, श्रीपत माथनकर आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एडीप योजना के तहत किया वितरण

## 133 वृद्धों हितग्राहियों को मिले जीवन उपयोगी उपकरण



**बैतूल।** सामाजिक न्याय और दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग ने एडीप योजना के तहत जीवन उपयोगी उपकरणों का वितरण किया। बैतूल, भैंसदेही और आठनेर ब्लॉक के कुल 133 वृद्ध हितग्राहियों को ये उपकरण प्रदान किए गए। जबलपुर की एलमको कंपनी ने यह सामग्री भेंट की। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे ने किया। जनपद पंचायत बैतूल में आयोजित इस शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु के उन वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिला, जिनकी वार्षिक आय 2 लाख 22 हजार रुपए से कम है या जो गरीबी रेखा के अंतर्गत आते हैं। उन्हें व्हीलचेयर, कमोड, बैसाखी और छड़ी जैसे आवश्यक उपकरण दिए गए। विभाग की उप संचालक रोशनी वर्मा ने बताया कि तीन विकासखंडों के 133 लाभार्थियों को सामग्री वितरित की गई है। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 1981 से संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य जरूरतमंद दिव्यांग व्यक्तियों को मुफ्त या रियायती दरों पर सहायक उपकरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे दैनिक जीवन में आत्मनिर्भर बन सकें और सामाजिक रूप से सशक्त हो सकें। एडीप योजना के तहत विभिन्न प्रकार के उपकरण प्रदान किए जाते हैं। इनमें व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, क्रच, वॉकर, श्रवण यंत्र, ब्रेल किताबें, स्मार्ट केन, स्मार्टफोन और अन्य आधुनिक सहायक साधन शामिल हैं। इस योजना का लाभ उठाने के लिए व्यक्ति का भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है। साथ ही, उसकी दिव्यांगता कम से कम 40 प्रतिशत या उससे अधिक प्रमाणित होनी चाहिए और मासिक आय 30 हजार रुपए से कम होनी चाहिए।

### बहु-विभागीय संयुक्त कार्रवाई से किसानों को मिली राहत

## चांदोरा जलाशय नहर अवैध जल दोहन व अतिक्रमण से मुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

जल संसाधन विभाग की पहल पर चांदोरा जलाशय की नहर पर लंबे समय से चल रहे अवैध जल दोहन और अतिक्रमण के खिलाफ कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार आज एक व्यापक एवं निर्णायक बहु-विभागीय अभियान चलाया गया। असामाजिक तत्वों द्वारा किए जा रहे इन अनधिकृत गतिविधियों के कारण कमांड क्षेत्र के किसानों को सिंचाई जल की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा था। हर वर्ष नहरों के प्रारंभिक हिस्सों में अवैध जल निकासी होने से अंतिम छोर तक जल पहुंचाना विभाग के लिए चुनौती बन जाता था। इस वर्ष स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए संयुक्त कार्रवाई की। यह सफल कार्रवाई जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री सी. एल. मरकाम के नेतृत्व में की गई। अभियान में जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी प्रभातपट्टन शिवकुमार नागले, अनुविभागीय अधिकारी नीरज कौरव एवं उनकी टीम, राजस्व विभाग से तहसीलदार प्रभात पट्टन राजेश दुबे एवं अमला, पुलिस विभाग से थाना प्रभारी साईंखेड़ा राजन ऊईके एवं पुलिस बल, तथा विद्युत विभाग का अमला सक्रिय रूप से शामिल रहा। संयुक्त टीम ने नहर पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए नहर भूमि को पूर्णतः मुक्त कराया। साथ ही अवैध जल दोहन में प्रयुक्त मोटर पंप, पाइप एवं अन्य उपकरणों को हटाया गया और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की गई। सभी विभागों के समन्वय से नहर में जल प्रवाह पुनः सुचारु किया गया ताकि पानी अंतिम छोर तक पहुंच सके। भविष्य में ऐसी गतिविधियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए गश्त और निगरानी बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए। कार्यपालन यंत्री सीएल मरकाम ने सभी सहभागी विभागों के सहयोग हेतु आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बहु-विभागीय समन्वय की बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि टीम ने न केवल अवैध जल चोरी को रोका, बल्कि नहर की भूमि को भी अतिक्रमण से मुक्त कराया है। किसानों के हितों की रक्षा के लिए ऐसी समन्वित कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस निर्णायक कार्रवाई से कमांड क्षेत्र के कृषकों में संतोष व्याप्त है। नहरों में जल प्रवाह बहाल होने से उनकी फसलों की सिंचाई सुनिश्चित हो सकेगी।

### एक ही छत के नीचे मिलेंगी दर्जनों सेवाएं

## नाहिया पंचायत में अटल ई-सेवा केंद्र का शुभारंभ




**बैतूल।** बैतूल तहसील की ग्राम पंचायत नाहिया में अटल ई-सेवा केंद्र का भव्य शुभारंभ किया गया। केंद्र के संचालक दुर्गेश पंडाग्रे ने बताया कि नाहिया पंचायत भवन में बुधवार को शुरू हुए इस केंद्र के जरिए अब ग्रामीणों को सरकारी से लेकर निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण सेवाएं गांव में ही उपलब्ध हो सकेंगी। डिजिटल सुविधा बढ़ाने और ग्रामीणों को समय-सुविधा की बचत करवाने के उद्देश्य से यह केंद्र शुरू किया गया है। इसके माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, बीमा, सरकारी दस्तावेज सहित कई सेवाएं बिना शहर गए ही मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि अटल ई-सेवा केंद्र के शुरू होने से नाहिया और आसपास के ग्रामीणों को अब डिजिटल सेवाओं के लिए शहर का सफर नहीं करना पड़ेगा। शिक्षा एवं कौशल विकास, डिजिटल साक्षरता, ऑनलाइन पाठ्यक्रम, शैक्षणिक सेवाएं, कौशल प्रशिक्षण, स्वास्थ्य एवं बीमा सुविधाएं, टेलीमेडिसिन, बेसिक स्वास्थ्य जांच, दवाइयों की सुविधा जीवन, स्वास्थ्य, मोटर और फसल बीमा, सरकारी सेवाएं, आधार, पैन और पासपोर्ट, समग्र आईडी, सरकारी नौकरी के आवेदन, राशन कार्ड से जुड़ी सेवाओं के अलावा ऑनलाइन बिल भुगतान, टिकट बुकिंग ऑनलाइन एफआईआर पंजीकरण की सुविधा होगी।

नगर पालिका ने जारी किये थे होर्डिंग टेडर, 5 महीने बाद भी ठेकेदार ने जमा नहीं की राशि हो रहा नुकसान

## इटारसी में साईंराजा ट्रेडर्स द्वारा होर्डिंग्स टेंडर में लाखों रुपए की राजस्व चोरी की आशंका

# लाखों के होर्डिंग्स टेंडर में धांधली, शर्तों का उल्लंघन करते ठेकेदार पर नपा की अनदेखी या लापरवाही?

शहर के चौक चौराहों, व्यापारी वर्ग एवं राजनीतिक गलियारों में लंबे दिनों से चर्चा का विषय बनी होर्डिंग्स नीति में हरिभूमि टीम ने अपने पाठकों के लिए पड़ताल की है। आखिर कैसे साईं राजा ट्रेडर्स होर्डिंग्स टेंडर लेने के बाद नियमों का उल्लंघन एवं शासन को लाखों रूपये की राजस्व हानि पहुंचा रहा है इस खबर में विस्तार से पढ़िए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



खुदा मेहरबान तो गधा पहलवान, यह कहावत इटारसी में चरितार्थ होती दिख रही है। जहां नगरपालिका परिषद की अनदेखी, मेहरबानी या कहें संभावित लापरवाही, से होर्डिंग्स ठेकेदार फर्म साईंराजा ट्रेडर्स ने बड़ी धांधली की है। ठेकेदार फर्म ने न सिर्फ टेंडर शर्त क्रमांक 8 का सरेआम उल्लंघन किया बल्कि आंखों में धूल झोंककर आर्थिक रूप से भी नपा को लाखों रूपये की राजस्व क्षति पहुंचाई है। हरिभूमि ने महीनों तक इस पूरे होर्डिंग्स टेंडर घटनाक्रम की गहन जांच पड़ताल कर अपने पाठकों के लिए यह खुलासा किया है।

### ऐसे समझिए पूरा मामला

27 फरवरी 2025 की परिषद बैठक में प्रस्ताव क्रमांक 8 के जरिए नपा द्वारा होर्डिंग्स के लिए निविदाएं आमंत्रित किया जाना निश्चित होता है। ओपन ऑनलाइन टेंडर के माध्यम से अप्रैल माह में निविदा निकाली जाती है, 6 फर्में ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से टेंडर डालती है। जिनमें एक पिपरिया, दूसरी इटारसी की तिरुपति ट्रेडर्स, तीसरी गुप्ता प्रिंटर्स एवं एक ही परिवार की तीन फर्म साईंराजा ग्राफिक्स, साईंराजा ट्रेडर्स एवं श्रीसिद्धि विनायक ट्रेडर्स शामिल हैं। 20 मई को नपा शाम 5:57 पर सभी टेंडर की तकनीकी बोली खोलती है। आश्चर्यजनक रूप से सभी 6 फर्मों की तकनीकी बोली खोलकर जांचने एवं सत्यापित करने का काम मात्र 9 मिनिट में 06:06 मिनिट पर खत्म हो जाता है। 21 मई को वित्तीय बोली खोलना प्रस्तावित किया जाता है। लेकिन आज तक एमपी टेंडर्स पोर्टल पर वित्तीय बोली खुलना नहीं दिखा रहा है, जो एक ओपन ऑनलाइन टेंडर की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता पर संशय पैदा करता है।

हरिभूमि पड़ताल

### साईंराजा ट्रेडर्स को मिला टेंडरः

हरिभूमि के विश्वसनीय और पुष्ट सूत्रों के अनुसार 21-22 मई को टेंडर की वित्तीय बोली खोली गई। वित्तीय बोली अनुरूप साईं राजा ट्रेडर्स की सामान्य होर्डिंग्स बोली 130 रूपये वर्गफुट एवं पोल होर्डिंग्स बोली 250 रूपये वर्गफुट पर मान्य कर ली जाती है। टेंडर में अधिकतम बोली लगाकर पात्र होने के बाद साईंराजा ट्रेडर्स द्वारा 20 जून को 60000 रूपये की एफ़डीआर एवं अन्य दस्तावेज जमा किए जाते हैं जिसके बाद नपा द्वारा ठेकेदार फर्म को होर्डिंग्स संख्या दोबारा स्वीकृत कराकर अनुबंध एवं कार्यादेश की कार्रवाई शुरू होती है।

7 जुलाई को ठेकेदार फर्म नपा से अनुबंध करके कार्यादेश जारी करवा लेती है। और लगभग इसी दौरान शहर भर के अन्य लोगों एवं संस्थाओ के होर्डिंग्स अपने कब्जे में लेकर उनसे व्यापार शुरू कर देती है। उन पर सिर्फ अपनी साईंराजा ग्राफिक्स से प्रिंट हुए फ्लैक्स लगवाना और उसके एवज में लोगों से राशि वसूलना प्रारंभ हो चुका होता है।

### 46 होर्डिंग्स एवं 89 पोल हुए चयनित

नपा के आदेशानुसार ठेकेदार फर्म सर्वे करके नपा कार्यालय में 48 होर्डिंग्स एवं 91 पोल होने की सूचना देती है। जिसके बाद नपा अपने दो कर्मचारियों से शहर में सर्वे कराती है जिसमें मौके पर 46 होर्डिंग्स एवं 91 संभावित पोल चयन किए जाते हैं। हालांकि बाद में किन्हीं कारणों से 48 होर्डिंग्स एवं 89 पोल पर मुहर लगती है।

### कैसे हुआ नियम उल्लंघन

यहां तक तो लगभग सब ठीक हो रहा था, लेकिन अब कैसे नियमों का उल्लंघन हुआ, आपको यह समझाते हैं। दरअसल उक्त निविदा प्रकाशन की शर्त क्रमांक 8 में स्पष्ट लिखा था टेंडर में पात्र होने पर ठेकेदार को कुल राशि का 50 प्रतिशत तत्काल एवं शेष राशि 90 दिवस में जमा करना अनिवार्य है। परंतु जब सैयां भए कोतवाल तो डर काहे का कहावत कि तर्ज पर कार्यादेश जारी होने, अनुबंध होने के बाद भी ठेकेदार ने एक भी रूपये की राशि नपा कार्यालय में जमा नहीं कराई गई जो नियम एवं शर्त का खुलेआम उल्लंघन है।

### राशि भुगतान के लिए नपा ने दिया नोटिस

बात यहां तक आ पहुंची है कि नपा पैसे ले नहीं पाई और ठेकेदार फर्म साईं राजा ट्रेडर्स ने 5 माह के बाद भी स्वप्रेरणा से भुगतान नहीं किया तो आखिरकार दो दिन पूर्व 10 दिसंबर को मजबूरन नपा को ही ठेकेदार फर्म को अपने ही पैसे मांगने के लिए नोटिस जारी करना पड़ा है। नोटिस में ठेकेदार को तीन दिन का समय दिया गया है। हालांकि नियमानुसार तो शर्तों के उल्लंघन में अब तक नपा द्वारा ठेकेदार के खिलाफ टेंडर निरस्ती की कार्यवाही नहीं करना भी कई सारे प्रश्नों को जन्म देता है, **आखिर ये रिश्ता क्या कहलाता है??**

**शिकायत में कार्रवाई की मांगः** पूरे घटनाक्रम की मय दस्तावेजों एवं जमीनी हकीकत की फोटो सहित एक गंभीर शिकायत बीते सोमवार को नगरीय प्रशासन मंत्री, प्रमुख सचिव, आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो सहित अन्य अधिकारियों से की गई है। अगर स्थानीय स्तर पर नपा प्रशासन द्वारा ठेकेदार फर्म पर उचित कार्रवाई एवं राजस्व वसूली नहीं की जाती है, तो उच्च स्तर से मामले में कार्यवाही के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे।

**नपा की आंखे बंद, अवैध वसूली से ठेकेदार की जेब गर्म**

कार्यादेश के बाद से लगातार शहर भर के होर्डिंग्स पर साईंराजा के स्टीकर्स लग चुके थे, और नपा की अनदेखी या कहें कि लापरवाही की वजह से लगातार ठेकेदार फर्म बिना राशि जमा किए शहर भर से अवैध बसूली करके अपनी जेब गर्म करती रही। सबसे बड़ा आश्चर्य पाठकों को तब होगा जब आपको यह पता चलेगा कि आज दिनांक तक कार्यादेश के करीब 157 दिन याने करीब 5 माह बीतने के बाद भी ठेकेदार को भुगतान करने की सुध नहीं है। या कहें कि भुगतान करने का मन नहीं है। जिस टेंडर की शर्त में 90 दिन (3 माह) में पूरा भुगतान होना था उसमें अभी तक एक भी रुपया जमा नहीं किया गया। साथ ही प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की आंख में धूल झोंककर धड़ल्ले से शहर भर में होर्डिंग्स एवं पोल होर्डिंग्स का कार्य किया जा रहा है।

### लाखों रुपए की राजस्व हानि पहुंचाई...




इस पूरे मामले में आप सभी पाठकों ने समझा कि कैसे नियमों को तांक पर रखकर काम किया गया और अब समझिए कैसे नपा को लाखों रुपए की राजस्व हानि पहुंचाई जा रही है। दरअसल नपा ने टेंडर निकालते समय होर्डिंग्स का सामान्य साइज 20×10 रखा जिसके रेट 130 रुपए वर्गफुट निर्धारित हुए। एवं पोल होर्डिंग्स का साइज 5×2 रखा जिसके रेट 250 रुपए वर्गफुट निर्धारित हुए। इस हिसाब से एक होर्डिंग का सालाना किराया 2600 रुपए एवं पोल का 2500 रुपए हुआ। अब शहर में 48 होर्डिंग्स का सालाना किराया 12,48,000 एवं 89 पोल के 2,22,500 रुपए ठेकेदार फर्म नपा कार्यालय में जमा करने को बाध्य है। परंतु जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। नपा ने 89 पोल के लिए 5×2 का साइज तय किया और इसी हिसाब से राशि भी तय की, लेकिन जयस्तंभ चौक सहित पूरे बाजार में ठेकेदार फर्म ने 10×4 के व्यावसायिक होर्डिंग्स लगा दिए हैं, वो भी दो तरफा। अर्थात जिस पोल पर 10 वर्गफुट का होर्डिंग विज्ञापन लगाया जाना था वहां अब करीब 80 वर्गफुट स्थान पर होर्डिंग लगाया गया है। अगर एक बार यह मान भी लिया जाए होर्डिंग लगाना गलत नहीं है तो उसके एवज में नपा को 89 पोल पर 80 वर्गफुट स्थान घेरने पर कुल 80×89= 7120 वर्गफुट कुल जगह हुई। अब 7120×250 रूपये प्रतिवर्गफुट के हिसाब से करीब 17,80,000 का भुगतान किया जाना चाहिए। परंतु नपा द्वारा जारी नोटिस में भी पोल होर्डिंग्स के लिए ठेकेदार फर्म से सिर्फ 2,22,500 रुपए की मामूली राशि मांगी गई जो असल दरों के अनुसार करीब 8 गुना कम है। सीधे शब्दों में कहें तो पोल होर्डिंग्स से ही नपा को करीब 15 लाख रूपये से अधिक की राजस्व हानि हो रही है वो भी तब जब नपा आर्थिक संकट से झुझ रही है। वहीं अगर मौके पर जांच की जाए तो शहर में होर्डिंग्स और पोल की संख्या भी बढ़ सकती है जिससे राशि भी बढ़ सकती है।

### हरिभूमि की छानबीन

नगरवासियों की शिकायत के चलते हरिभूमि पूरी टेंडर प्रक्रिया पर नजर बनाए हुए थी। 4 से 5 महीने की गहन छानबीन के बाद सारे तथ्य आज पाठकों के सामने है। खबर में लिखित बातों का हरिभूमि के पास साक्ष्य एवं दस्तावेज उपलब्ध हैं। वहीं पूरी खबर का आधार हरिभूमि के पुष्ट सूत्र है जिनके द्वारा दी गई जानकारियों के आधार पर इस पूरे होर्डिंग्स टेंडर स्कैम का खुलासा किया गया है।

ठेकेदार फर्म को वर्क ऑर्डर के बाद भुगतान जमा करना था, आपसे पता लगा है कि अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। साइज बढ़ाकर विज्ञापन होर्डिंग्स लगाने की बात भी आपके द्वारा बताई गई है, कल(गुरुवार) ही मामले में जांच करके आगे की कार्रवाई करेंगे। नपा की छवि धूमिल नहीं होने देंगे।,

**पंकज चौरे**, नपाध्यक्ष

### निविदाकारों ने लगाया आरोप

इटारसी में होर्डिंग्स टेंडर प्रक्रिया शुरूआत से ही नियमों को ताक पर रखकर की गई है, यह आरोप टेंडर प्रक्रिया में शामिल अन्य तीन निविदाकारों ने लगाए हैं। हरिभूमि ने जब अन्य निविदाकारों से बात की तो गुप्ता प्रिंटर्स, मास मीडिया एडवरटाइजिंग एवं तिरुपति ट्रेडर्स ने बताया कि उन्हें तकनीकि बोली में अमान्य करार दे दिया गया था। जबकि उन्होंने सभी दस्तावेज सहित स्व घोषणा पत्र भी प्रस्तुत किए थे। तीनों ही निविदाकार अपने अपने स्तर पर लगातार मामले में कार्यवाही के लिए जनसुनवाई, आयुक्त महोदय एवं संचालक महोदय तक शिकायत कर चुके हैं। हरिभूमि द्वारा पूरे मामले की इतनी गहन जांच एवं विस्तृत खबर प्रकाशन के बाद उन्होंने कहा कि हम खबर के आधार पर आगे कार्यवाही के लिए शिकायत करते रहेंगे।

### क्या बरकरार रहेगी नपा की ईमानदार छवि?

नियमानुसार तो नपा को ठेकेदार फर्म का टेंडर निरस्ती या होने वाली राजस्व हानि की ब्याजमय वसूली करना चाहिए। या फिर पूरी टेंडर प्रक्रिया दोबारा की जाने चाहिए जिसमें शुरुआत से निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनी रहे। नपा के लिए पूरा घटनाक्रम एक चुनौती के है, अब देखना होगा कि नागरिकहित में नपा अपनी ईमानदार एवं निष्पक्ष छवि को कैसे बरकरार रखती है?

# बाबरी और खोकसर घाट पर होगा 16 करोड़ की लागत से विशाल घाट निर्माण का कार्य

### 8 वर्ष बाद पूरी हुई मुख्यमंत्री की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ने जा रहा है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आठ वर्ष पूर्व की गई एक महत्वपूर्ण घोषणा को अब अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

सिवनी मालवा के बाबरी घाट और खोकसर घाट पर अब विशाल घाटों का निर्माण होगा, जिससे नर्मदा तट पर आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। यह घोषणा तब की गई थी जब चौहान एक सामूहिक विवाह सम्मेलन में 'आयपा' आए थे और तत्कालीन विधायक एवं मंत्री सरताज सिंह की मांग पर क्षेत्र के विकास के लिए कई वादे किए थे। हालांकि, यह परियोजना पिछले आठ वर्षों से लंबित थी, लेकिन निरंतर प्रयासों के बाद अब इसे हरी झंडी मिल गई है।

सिवनी मालवा नगरपालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना की स्वीकृति के लिए उन्होंने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विशेष मुलाकात की थी। उनके निवेदन पर मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों घाटों के निर्माण के लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन घाटों का निर्माण भारत सरकार की बाढ़ नियंत्रण योजना के तहत किया जाएगा और इस कार्य का जिम्मा नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के पास होगा।

दोनों घाटों के लिए 8-8 करोड़ रुपये, यानी कुल 16 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। योजना के अनुसार, बाबरी घाट पर 95 मीटर और खोकसर घाट पर 75 मीटर लंबा घाट बनाया जाएगा। निर्माण कार्य के लिए शीघ्र ही टेंडर जारी किए जाएंगे और लगभग एक वर्ष में कार्य पूर्ण होने की उम्मीद है। इन पक्के घाटों के बनने से यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान और ध्यान के लिए मूलभूत और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी नगरपालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे पिछले सात वर्षों से इस कार्य के लिए प्रयासरत थे और अंततः उन्हें सफलता मिली है।

उन्होंने इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद दर्शन सिंह चौधरी और विधायक प्रेमशंकर वर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया है, साथ ही क्षेत्रवासियों को बधाई दी है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधि क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए संकल्पित हैं। भविष्य में नर्मदा परिक्रमा पथ के शेष कार्यों और अन्य अधूरे घाटों के निर्माण को भी सरकार के सहयोग से पूरा कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन और सुविधाओं का विस्तार होगा।

# मार्ग पर जलभराव की समस्या से परेशान हो रहे ग्रामवासी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

जनपद पंचायत माखन नगर अंतर्गत सांगा खेड़ा से सातवासा प्रधानमंत्री ग्राम संपर्क योजना के ग्राम पंचायत उमरखेड़ी के ग्राम झालसिर मैं सड़क पर जल भराव हो जाने के कारण ग्राम वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ज्ञात हो कि उक्त सड़क मां नर्मदा के परिक्रमा पथ में भी आती है वर्तमान में बड़ी संख्या में परिक्रमा वासी इस मार्ग से निकलते हैं जिन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्राम वासियों द्वारा इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की जा चुकी है सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त सड़क के किनारे सीसिनाली का निर्माण भी कर दिया गया था परंतु सड़क के किनारे किसानों द्वारा अपने निजी स्वार्थ के चलते उक्त नालियों को मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया है जिससे गांव की जल निकासी सड़क पर से ही हो रही है इस संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि उमेश पटेल से बात करने पर उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क के साथ नाली भी बनाई गई थी परंतु किसानों ने मिट्टी डालकर उसे बंद कर दिया है पानी निकासी नहीं होने के कारण जल भराव की समस्या बनी रहती है उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के लिए अवगत करा दिया गया है।

# महानिदेशक ने किया इटारसी सीपीई का दौरा, देखी व्यवस्था

### फायरिंग ट्रायल्स का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रक्षा संस्थान सेंट्रल प्रूफ एस्टैब्लिशमेंट इटारसी में डायरेक्टर जनरल, डिफेंस क्वालिटी एश्योरेंस, एन. मनोहरन, ने एडीजी और एडीजी (एडम) के साथ दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य ऑपरेशनल रैडिनेस का मूल्यांकन करना और संस्थान में चल रही प्रूफिंग गतिविधियों की समीक्षा करना था। एन मनोहरन ने प्रूफ रेंज, मैगज़ीन और संबंधित सुरक्षा इन्फ्रास्ट्रक्चर का अवलोकन किया।उन्होंने हथियार फायरिंग ट्रायल्स को भी देखा, जिससे परीक्षण प्रक्रियाओं, फायरिंग प्रोटोकॉल और डेटा रिकॉर्डिंग विधियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने तकनीकी कर्मचारियों के साथ बातचीत की और हथियार के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने तथा गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने में अपनाए गए व्यवस्थित दृष्टिकोण की सराहना की। मेजर जनरल आर एस सलारिया, कमांडेंट सीपीई, भी इस दौरान महानिदेशक एन. मनोहरन के साथ मौजूद रहे।

## किसानों को बड़ी राहत खाद के लिए अब ई-टोकन

**इटारसी।** मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों के लिए ई-टोकन प्रणाली शुरू कर रासायनिक खाद वितरण को डिजिटल बना दिया है। यह कदम किसानों को अंधेरी रातों की लाइन, धूप और सरकारी दफ्तरों के चक्कर से मुक्ति दिलाएगा। अब किसान एमपी ऑनलाइन कैफे या घर बैठे मोबाइल से खाद के लिए ई-टोकन बुक कर सकते हैं।

खेत की बही, आधार कार्ड और बही धारक का मोबाइल नंबर ओटीपी के लिए अनिवार्य है। ई-टोकन का प्रिंट निकालकर सीधे गोदाम से खाद मिलेगी। पिछले दो दिनों में इटारसी डीएमओ गोदाम से करीब अस्सी किसानों को ई-टोकन से खाद वितरित की जा चुकी है, और एमपी एग्रो से भी वितरण शुरू हो गया है।

पारदर्शिताः इटारसी खाद गोदाम प्रभारी संतोष जौहरे ने कहा कि इससे अधिक पारदर्शिता आएगी और किसान को राहत मिलेगी।

जरूरी कामः खाद प्राप्त करने के लिए किसानों को अपने आधार में मोबाइल नंबर अपडेट, किसान आईडी बनाना और एग्री स्टेक साइट पर खसरे जोडना आवश्यक है। यह नई व्यवस्था किसानों के समय को बचाएगी और उन्हें सीधे खेत की उन्नति पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर देगी।

# ईपीएफ की राशि नहीं मिलने से नपा कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर पालिका परिषद क्षेत्र में लगातार 3 दिन से सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। सभी सफाई कर्मचारी महिलाओं सहित तमाम लोग हड़ताल पर बैठे हुए हैं। जनसुनवाई में तहसीलदार वैभव बैरागी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मुख्य रुप से उनके वेतन से काटे जाने वाली राशि जो लगभग 26 लाख रूपए है। दिलीप कुमार ने बताया वेतनमान से हर माह राशि काटी जाती है। ईपीएफ पर कुछ समय तक जमा करने के बाद बंद कर दी गई है। राशि कहा गोल हो रही है। कोई जानकारी नहीं है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी आर पी नायक ने बताया कि चूंकि 26 लाख है। लेकिन 1करोड रुपए जमा कराए जाने है। लेकिन अभी वर्तमान राशि न होने पर समय मांगा है। तथा यह भी कहा कि यदि राशि जमा कराई गई तो हर महीने का वेतन जमा करने में विलम्ब हो सकता है। लगातार 3दिन से हड़ताल पर हैं। हटाने को लेकर कहा कि किसी महिला को नहीं हटाया जा रहा है। सबको वापस ले लिया गया है। सफाई व्यवस्था में सुधार करने पर सहयोग करने की बात कही गई है। सेनेटरी इंस्पेक्टर शाखा प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि सफाई व्यवस्था कराई जा रही है। कचरा जमा हो रहा है। उसके उठाने में परेशानी हो रही है। निराकरण किया जा रहा है।

## युवा कांग्रेस का रेलवे के खिलाफ 'हल्ला बोल

# ओवर ब्रिज की खराब गुणवत्ता पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



युवा कांग्रेस ने गुरुवार को हाईवे स्थित रेलवे ओवर ब्रिज की खराब गुणवत्ता और इससे जनता को हो रही परेशानियों को लेकर रेलवे के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। युवा कांग्रेस ने पुल निर्माण के लिए जिम्मेदार तत्कालीन अधिकारियों और ठेकेदार पर एफआई की मांग करते हुए संबंधित रेलवे अधिकारी को ज्ञापन देने का कार्यक्रम रखा था।

समस्त कांग्रेस और युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित होकर रेलवे अधिकारी के कार्यालय पहुंचे। पूर्व सूचना दिए जाने के बावजूद, सभी रेलवे अधिकारी कार्यालय छोडक़र चले गए। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा ज्ञापन लेने के लिए नहीं आने पर, कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के बाहर रेल मंत्री का पोस्टर चिपकाया और उसी पर ज्ञापन भी चिपकाकर अपना विरोध दर्ज कराया।

युवा नेताओं ने इस अवसर पर रेलवे अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और चेतावनी दी। सौम्य दुबे, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व सूचना के बावजूद अधिकारियों की तानाशाही इस कदर हावी है कि कोई भी जनता की आवाज सुनने को तैयार नहीं है। यदि जल्द कार्यवाही नहीं हुई, तो चक्का जाम कर रोड बंद करेंगे और डीआरएम के इटारसी आने पर पुरजोर तरीके से विरोध दर्ज कराया जाएगा। गौरव चौधरी, जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि पहले भी भ्रष्टाचार हुआ है, और अब बिना टेंडर के कराया जा रहा सुधार कार्य पूर्णतः नियम के विरुद्ध है, जिसमें पुनः भ्रष्टाचार की पूरी संभावना है। शम्मी जायसवाल प्रदेश महासचिव ने कहा कि तत्कालीन ठेकेदार एवं अधिकारी पर यदि जल्दी मामला दर्ज नहीं किया गया तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, अजय मिश्रा, अशोक जैन, राजकुमार केलू उपाध्याय, गोल्डी बैस, प्रतीक मालवीय, प्रणीत मिश्रा,पवन बोहरा, संजय नगरिया, शेख रमजान, अनिल रैकवार आदि शामिल रहे।

# सरपंच की कार्यप्रणाली से परेशान सरपंच ने सौंपे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत तरौनकला मैं पदस्थ सचिव किरण कहार एवं सरपंच रुक्मणी पुरवइया लगातार आमने-सामने आ गए हैं। सरपंच का आरोप है कि सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास में सहयोग नहीं कर रहे हैं। किसी भी सरकारी दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। अतः शासन कोचाहिए कि ऐसे सचिव को हटाने को लेकर आवेदन 4वार जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया को भी दे चुके हैं।पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।इस दौरान सभी विकास कार्यों में रोक लगी हे। अंत्येष्टि सहायता राशि का वितरण नहीं किया गया है।नव जल योजना में परेशानी हो रही है। सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है।इस बात पर सचिव किरण कहार ने कहा कि 1लाख रुपए का आहरण किया गया था। जिसमें 2भवन सरकारी तोड़ दिया गया।नव जल की मोटर सुधार के लिए राशि जमा कराई गई थी। लेकिन सरपंच ने उस राशि का। वितरण नहीं किया गया है। जनता परेशान हैं। सरपंच ने 2भवन सरकारी तोड़े गए मशीन से दीपावली से मोटर जली हुई है। पानी से परेशान हैं। अंत्येष्टि सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है सरपंच ने कहा कि कार्यवाही नहीं हुई तो चक्का जाम कर प्रदर्शन किया जाएगा। सचिव की उपस्थिति में सरपंच ने अपने समर्थकों को लेकर सचिव की उपस्थिति में ही ज्ञापन सौंपा है। सरपंच ने फोर व्हीलर खरिददी है। इसलिए राशि आहरण करने का दबाव बनाया जा रहा है।नव जल योजना की मोटर सुधार करने को कहा गया है।पर अभी भी ठीक नहीं है।

## खबर संक्षेप



### रोजगार मेले में 90 युवाओं का प्राथमिक चयन हुआ

**हरदा।** जिला मुख्यालय पर शासकीय आईटीआई हरदा में गुरूवार को युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि मेले में कुल 145 आवेदकों ने पंजीकरण कराया। इनमें से चार कंपनियों ने 90 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया। मेले में 25 युवक-युवतियों की व्यावसायिक मार्गदर्शन के लिए काउंसलिंग की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 62 आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### 19 प्राथमिक-शिक्षकों को सौंपा जनशिक्षकों का प्रभार

**झिरन्या।** इस आदिवासी अंचल की 19 प्राथमिक-शिक्षकों को जनशिक्षक का अस्थाई प्रभार सौंपा गया है। इस आशय का आदेश जिला शिक्षा केंद्र खरगोन द्वारा डीपीसी खेमराज सेन ने जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिले में दो बार काउन्सलिंग में पात्र शिक्षक नहीं मिल रहे रहे थे। फलस्वरूप विभागीय गतिविधियां प्रभावित हो रही थी,जिसकी मांग विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयकों द्वारा की जा रही थी। इसलिए प्राप्त आवेदनों के आधार पर उक्त अस्थाई कार्य प्रभार दिया गया है। जिसके अनुसार कैलाश चौहान (करान्या), दिनेश ठाकुर एवं कुशल मंडलोई (शिवना), पियुष गंगराडे एवं लोकपाल तोमर (मिटावल), विकम डाबर (चैनपुर), गंगाराम खोडे एवं छोगालाल डाबर (झिरन्या) रूमसिंह जाधव एवं प्रभुदयाल मंडलोई (हेलापडावा), शेरसिंह मोरे एवं रामेश्वर मुजाल्दे (चिरिया), राजाराम सोलंकी (पाडल्या), प्रदीप बघेल एवं नानसिह वास्कले (बोरवाल), मदन जाधव, भूरला सोनवानी (कोटबेडा), नरेन्द्र गौड एवं रूपसिंह तंवर राजपुरा हैं।

### सुशासन दिवस पर 24 को दिलाई जाएगी शपथ

**हरदा।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म-दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। बुधवार 24 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ दिलाई जायेगी। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को 24 दिसम्बर को अपने-अपने कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ लेने के निर्देश दिये हैं।

### करबला पुल पर पानी बहने से हादसे का रहता है खतरा



**सीहोर।** शहर के करबला पुल पर इस समय भी पानी ऊपर से बह रहा है। इस कारण सड़क पर फिसलन हो रही है। यहां वाहन चालकों को गिरने का खतरा रहता है। यह पुल सालों पुराना है। इसकी ऊंचाई कम है, जिससे सीवन नदी का पानी ऊपर से बहता है। बरसात में हालत यह हो जाती है कि यह मार्ग काफी समय तक बंद रहता है। बारिश के दिनों में आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। पुल के दोनों ओर रेलिंग नहीं होने से समस्या है। यहां से नीचे गिरने का खतरा रहता है। आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। कई लोग बारिश के समय पुल के ऊपर से निकलते समय बह चुके हैं। कई गाड़ियां भी पुल से नीचे गिर चुकी हैं। यह सड़क गणेश मंदिर भी जाती है। मंत्री पेट्रोल पंप इंदौर नाका से लोग गणेश मंदिर इसी मार्ग से जाते हैं। इसलिए इस पुल की जगह नया और अधिक ऊंचाई का पुल बनाया जाना चाहिए।

### राज्य स्तरीय अधिकारियों ने की शिशु मृत्यु एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा

# गर्भवती व हाईरिस्क महिलाओं को प्रोटोकाल अनुसार स्वास्थ्य सेवा मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में गुरूवार को डिप्टी डायरेक्टर आई टी सेल भोपाल एवं प्रभारी अधिकारी हरदा डॉ. अश्विन भागवत, सलाहकार भोपाल डॉ. विनिता मेवाड़े, सलाहकार शिशु स्वास्थ्य भोपाल पवन दुबे ने हरदा जिले की शिशु मृत्यु एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान डॉ. भागवत ने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं एवं हाईरिस्क महिलाओं को प्रोटोकाल के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं मिलना चाहिए। इस हेतु प्रति माह 09 एवं 25 तारिख को प्रधानमंत्री सुरक्षित अभियान के तहत प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। जिन महिलाओं को आयरन सुकरोज एवं एफसीएम लगाया जा रहा है, उनकी एन्ट्री पोर्टल पर भी करना सुनिश्चित करें। इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारी सतत निगरानी रखें। उन्होने आगामी वर्ष 25-26 के लिए बनाये जा रहे जिले की पीआईपी बनाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होने कहा कि प्लान को गतिविधि के अनुसार बनाएं एवं उसी के आधार पर मांग रखें, जितना कार्य कर सकते है उतना प्लान करें ताकी उसका उपयोग सही तरीके से कर सके।

#### गर्भवती महिलाओं की ईकेवायसी का कार्य पूर्ण कराएं

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी गर्भवती महिलाओं की अपने क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से संपर्क कर ईकेवायसी का कार्य पूर्ण करावे ताकी सभी हितग्राहियों का भुगतान हो सके। साथ ही अपनी स्वास्थ्य संस्थाओं मे हो रही डिलेवरी अपडेट करें एवं कार्य आधारित प्रोत्साहन योजना का सत्यापन करने के उपरान्त ही भुगतान किया जावे।

#### पोर्टल पर डुप्लिकेट एंट्री न करें

शिशु मृत्यु की समीक्षा के दौरान डॉ. विनिता मेवाडे, पवन दुबे ने कहा कि पोर्टल पर डुप्लिकेट एन्ट्री न करें यदि डुप्लिकेट एन्ट्री हो गई हो तो उसे डिलिट करावें। उन्होने कहा कि जिले में जितनी भी शिशु मृत्यु हो रही है, उन सभी का वर्बल अटोप्सी चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें। वर्बल अटोप्सी में शिशु की मृत्यु का सही कारण लिखना अनिवार्य है। उन्होने विकास खण्ड के अनुसार शिशु मृत्यु की गहराई से समीक्षा की। इस अवसर पर सभी विकासखण्ड के बीएमओ, कार्यक्रम नोडल अधिकारी, बीपीएम, बीसीएम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### विशेषज्ञों ने दी जानकारी

## साइबर सखी कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया



**हरदा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु सायबर सखी कार्यक्रम के तहत गुरूवार को लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज हरदा में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम् तृप्ति त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, कॉलेज प्राचार्य व पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया या। कार्यशाला में संस्था के विशेषज्ञों ने उपस्थित प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न आयामों पर विस्तृत और व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। इस दौरान उन्होने सायबर अपराधों के प्रकार एवं पहचान, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं डिजिटल व्यवहार, बालकों व महिलाओं से जुड़े ऑनलाइन जोखिम, रिपोर्टिंग प्रक्रिया, सायबर हेल्पलाइन नम्बर 1930, शिकायत निवारण, सायबर सुरक्षा में समुदाय की भूमिका व सायबर सखी की जिम्मेदारियों व कार्यप्रणाली के बारे में बताया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजा रंगारे, परियोजना अधिकारी अनुराग दुबे, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है।

## शिक्षक संघ ने ज्ञापन देकर की शिक्षकों के लिए न्याय की मांग

**हरदा।** प्रांतीय शिक्षक संघ की हरदा जिला इकाई ने गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी (ऊएड) को ज्ञापन सौंपकर उन शिक्षकों के लिए न्याय की मांग की, जिन्होंने 24 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, लेकिन अभी तक उन्हें द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिला है। संघ के जिला अध्यक्ष महेश शुक्ला ने बताया कि सितंबर 2001 में जिले में करीब 180 शिक्षकों की भर्ती हुई थी। सितंबर 2025 में इन सभी की सेवा अवधि 24 वर्ष पूरी हो चुकी है, ऐसे में नियमों के अनुसार उन्हें द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ मिल जाना चाहिए था।लेकिन—उन्होंने कहा—ह्ललंबा समय बीत जाने के बावजूद शिक्षकों को यह लाभ आज तक नहीं दिया गया, जिससे उनमें नाराज़गी है।ह्व संघ ने ऊएड को बताया कि कई शिक्षकों के मामले फाइलों में अटके पड़े हैं, जिससे उनका आर्थिक और सेवा संबंधी नुकसान हो रहा है। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया और जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष महेश शुक्ला के साथ नारायण नायरे, देवेश्वर जाटव, दीपक मीणा, तुकाराम चोरे, महेंद्र राय, संदीप शंकरगाये, बलराम बघेला, पुरुषोत्तम राठौर, दीपक चौधरी, पूनमचंद घाटे, जफर अली इबने सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

### संस्कार विद्यापीठ में किया गया आयोजन

## सांसद खेल महोत्सव में योग प्राणायाम प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला खेल और युवा कल्याण विभाग के समन्वय से सांसद खेल महोत्सव के तहत हरदा खिरकिया विधानसभा क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन गुरूवार को योग प्रतियोगिता का आयोजन संस्कार विद्यापीठ में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ शाला प्रबंधक नटवर पटेल, एडमिनिस्ट्रेटर दिलीप पाटीदार, सुभाष शुक्ला, ईश्वरीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान की बबीता बहन, रोशनी बहन एवं खेल समन्वयक सलमा खान ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिसमें चक्रासन, मत्येंद्रासन, वक्रासन, ताड़ासन के साथ सूर्य नमस्कार आदि का भी विद्यार्थी ने प्रदर्शन किया।

#### विद्यार्थियों को योग, प्राणायाम व ध्यान के बारे में बताया

इस अवसर पर प्रजापति ब्रह्माकुमारी संस्थान हरदा से बबीता बहन एवं रोशनी बहन ने विद्यार्थियों को योग, प्राणायाम एवं ध्यान की विभिन्न यौगिक क्रियाओं से परिचित कराया एवं योग के मूल आधार, पंच तंत्र के शांति, खुशी, सकारात्मकता, मजबूत इच्छा शक्ति व सात्विक विचार, के विषय में बच्चों को बताया। योग अभ्यास के दौरान बहन बबीता ने बताया कि योग मन को एकाग्र करके, इंद्रियों को वश में करते हुए, आत्मा (स्वयं) या परमात्मा (ईश्वर) में लीन करने की एक प्रक्रिया है, जिसका लक्ष्य आंतरिक शांति, आत्म-साक्षात्कार और ब्रह्म की अनुभूति करना है, यह सिर्फ़ मन को खाली करना नहीं, बल्कि उसे किसी पवित्र विचार में लगाना है, ताकि बाहरी विकर्षणों से हटकर अंतरात्मा में आनंद की स्थिति प्राप्त हो सके। यह क्रिया करके बच्चे कम समय में कम मेहनत करके अधिक शिक्षा का लाभ उठा सकते हैं। परीक्षा में सफल होंगे

#### 13 को मोमेंटो मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा

जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग से ब्लॉक समन्वयक सलमा खान के नेतृत्व में प्रतियोगिता संपन्न हुई। निर्णायक के रूप में मलखंभ के राष्ट्रीय समन्वयक अनिल पटेल एवं योग, प्राणायाम प्रशिक्षिका पूजा केवट के द्वारा निर्णय दिया गया। बालक वर्ग में संस्कार विद्यापीठ से सार्थक पटेल, समर्थ पटेल, राजवीर चौधरी, अंशुल पटेल, युवराज मौर्य एवं बालिका वर्ग में संस्कार विद्यापीठ से याशी पटेल, राजवी विश्नोई, तृप्ति राजपूत साथ ही महर्षि ज्ञान पीठ से अनुष्का सोनी, प्रियांशी गौर का चयन हुआ। चयनित बालक एवं बालिकाएं बैतूल जिले में आयोजित होने वाले संसद खेल महोत्सव में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में जय पुजारी एवं शाला शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान के अनुसार हरदा टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित विजेता उपविजेता प्रतिभागीयो एवं टीम के खिलाड़ियों को 13 दिसम्बर को केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डी.डी. उइके द्वारा प्रमाण पत्र व मोमेंटो मेडल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## दो मकानों के ताले तोड़कर लाखों के जेवरात ले गए चोर

**हरदा।** टिमरनी नगर की माधव नगर कॉलोनी में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने दो मकानों को निशाना बनाया। एक मकान का ताला तोड़ने में चोर असफल रहे, जबकि दूसरे मकान से लाखों के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। एनजीओ में कार्यरत हरिओम काशिव के मकान का मुख्य गेट तोड़कर चोर अंदर घुसे। उन्होंने गोदरेज अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और लगभग पांच से दस हजार रुपए नकद चुरा लिए। चोरी हुए जेवरात का अनुमानित मूल्य करीब दस लाख रुपए बताया गया है। हरिओम काशिव ने बताया कि वे और उनकी पत्नी मंगलवार सुबह खंडवा में रिश्तेदार के यहां गए थे। शाम को लौटने पर मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और घर के अंदर अलमारी, बक्से और कमरे अस्त-व्यस्त थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि चोरों को मकान खाली होने की जानकारी पहले से थी और उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया। टीआई मुकेश गोंड़ ने कहा कि चोरी हुआ मकान कॉलोनी के सबसे आखिर में है और उसके पीछे खेत लगे हैं। उन्होंने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर चोरों की तलाश की जा रही है और उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

### प्रजापति समाज ने दिया ज्ञापनः प्रशासन के खिलाफ किया प्रदर्शन

## ईंट निर्माण में अनुमति जरूरी नहीं, पुलिस-पटवारी परेशान कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



गुरुवार को प्रजापति समाज के सदस्यों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम एडीएम पुरुषोत्तम कुमार को ज्ञापन सौंपा। शहर के नेहरू स्टेडियम से रैली निकालकर समाज के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

एडीएम कुमार ने ज्ञापन स्वीकार कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रजापति समाज के उमेश प्रजापति ने बताया कि जिले भर से समाज के लोग अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कि कुम्हार समाज को ईंट निर्माण के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है, जिले में पुलिस और पटवारियों द्वारा उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। आरोप है कि पुलिस ईंट से भरी ट्रॉलियों को रास्ते में रोककर पैसों की मांग करती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पटवारियों द्वारा प्रकरण दर्ज किए जाते हैं।

**झूठी शिकायतें कर समाज के लोगों को ईंट बनाने से रोका जा रहाः** समाज ने यह भी बताया कि हंडिया तहसील के ग्राम गोला में कुछ लोगों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर झूठी शिकायतें कर समाज के लोगों को ईंट बनाने से रोका जा रहा है। इसके अतिरिक्त, ग्राम सिराली में प्रजापति समाज के लिए आरक्षित भूमि पर नगर परिषद द्वारा वाटर प्लांट बनाने की तैयारी की जा रही है। समाज ने मांग की है कि राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार ईंट भट्टा और कवेलू आदि बनाने के लिए समस्त गांवों में आरक्षित भूमियों को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराकर प्रजापति कुम्हार समाज के सदस्यों को ईंट निर्माण के लिए प्रदान किया जाए। समाज ने यह भी बताया कि खनिज विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि प्रजापति व कुम्हार समाज के सदस्यों द्वारा ईंट निर्माण और मिट्टी आदि खनिज पदार्थ के परिवहन के लिए बिना रॉयल्टी के ईटीपी (इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजिट पास) जारी किए जाएं, जो हरदा जिले में जारी नहीं किए जाते। इस कारण ईंट और खनिज के परिवहन वाले वाहनों को पुलिस और तहसीलदार द्वारा अकारण रोककर पैसे वसूले जाते हैं, जिस पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग की गई है। समाज के लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि आठ दिनों के भीतर उनकी सभी मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

## 17वीं इंटरनेशनल फ़ुड एंड बेवरेज ट्रेड एक्सपो में की सहभागिता

### हरदा के निर्मल मसाला ने मुंबई में लगाया स्टाल




**हरदा।** जिले के निर्मल मसाला उद्योग ने 17वीं इंटरनेशनल फ़ूड एंड बेवरेज ट्रेड एक्सपो में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर जिले का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतिष्ठित एक्सपो 11 से 13 दिसंबर 2025 तक बॉम्बे एग्ज़ीबिशन सेंटर, मुंबई में आयोजित किया जा रहा है। उद्योग के संचालक, महेंद्र राजपूत, स्वयं एक्सपो में मौजूद रहकर अपने उत्पादों का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा निर्मल मसाला उद्योग को यह स्टाल पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। प्रदर्शनी में भाग लेने हेतु, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, हरदा के माध्यम से निर्मल मसाला उद्योग का नाम मुख्यालय स्तर पर प्रस्तावित किया गया था, जिसका चयन उनके उत्पादों की गुणवत्ता और क्षमता के आधार पर किया गया। यह पहल स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय और वैश्विक मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

## शीतलहर से फसलों पर ओस जमी, पहाड़ों से आ रही हवा ने सर्दी बढ़ाई

| दिन | न्यूनतम ताप. |
| --- | --- |
| 6 दिसंबर | 5.3 डिग्री |
| 7 दिसंबर | 5.3 डिग्री |
| 8 दिसंबर | 6 डिग्री |
| 9 दिसंबर | 6.5 डिग्री |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



सीहोर में शीतलहर बनी हुई है। न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हो रहा है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस रहा। खेतों में ओस जमने लगी है, जिससे ठंड का असर साफ दिख रहा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फबारी हो रही है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों से आ रही सर्द हवाओं के चलते मध्य प्रदेश के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। डॉ. तोमर के अनुसार, आने वाले दिनों में मावठे (शीतकालीन वर्षा) की संभावना है। अगर बारिश होती है तो न्यूनतम तापमान और गिर सकता है तथा ठंड बढ़ने की उम्मीद है। जिले में तापमान पिछले दिनों से लगातार नीचे जा रहा है। 1 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस था, जो 10 दिसंबर को 6.7 डिग्री तक पहुंच गया। सीहोर में लगभग एक माह पहले ठंड ने दस्तक दी थी। इसके बाद से तापमान लगातार कम हो रहा है और अब लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास होने लगा है।

## कार्यशाला आयोजित

**सीहोर।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास के निर्देशानुसार सीहोर जिले में दत्तक ग्रहण (अडॉप्शवन) एवं फॉस्टर केयर से दत्तक ग्रहण विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन बुधवार को जिला पंचायत सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास के विभाग, पुलिस विभाग एवं बाल कल्यादण समिति के अध्यभक्ष एवं सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यशाला का प्रारंभ में सर्जना यादव जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा किया गया एवं दत्तक ग्रहण के संबंध सभी प्रतिभागियों को अपनी भूमिका अनुसार बेहतर एवं बच्चों के सर्वोत्तएम हित में कार्य करने हेतु उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए। ज्ञानेश कुमार खरे, महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उक्त कार्यशाला का उदेश्य एवं इसकी आवश्यकता के संबंध में सभी को अवगत कराते हुए जिज्ञासा पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सभी हितधारको को निर्देश दिए गए। दत्तक ग्रहण एवं फॉस्टर केयर से दत्तक ग्रहण विषय पर तिलक दास बैरागी बाल कल्यापण समिति के सदस्य द्वारा पीपीटी से बिन्दु वार सभी को जानकारी प्रदाय की गई।